तापमान

अधिकतम 31.5 डिग्री

न्यूनतम 16.8 डिग्री

# हरिभूमि बेमेतरा भूमि

रायपुर, शनिवार 27 जून 2026

बेमेतरा | देवकर | नवागढ़ | साजा | परपोड़ी | थानखम्हरिया | नांदघाट



12 पेपर लीक मामले पर जिले में कांग्रेस का हल्लाबोल, शिक्षा मंत्री ...



11 विद्युत व्यवस्था सुदृढ़ करने सहित कई मांगों पर ...




## खबर संक्षेप

### टैबलेट से चौथी के विद्यार्थियों का डिजिटल आकलन



**बेमेतरा।** जिला शिक्षा एवं प्रशिक्षण संस्थान (डाइट) बेमेतरा के मार्गदर्शन में 24 एवं 25 जून को फाउंडेशनल लर्निंग स्टडी (एफएलएस) के तहत जिले के आठ चयनित प्राथमिक विद्यालयों में कक्षा चौथी के विद्यार्थियों का गणित एवं भाषा विषय का डिजिटल आकलन सफलतापूर्वक संपन्न हुआ। एनसीईआरटी द्वारा चयनित विद्यालयों में टैबलेट के माध्यम से यह मूल्यांकन किया गया। आकलन के लिए डाइट के आठ प्रशिक्षित फील्ड इन्वेस्टिगेटरों की तैनाती की गई थी, जबकि डाइट के अकादमिक सदस्यों ने ऑब्जर्वर के रूप में पूरी प्रक्रिया की निगरानी की। सहायक संचालक एसपी कोशले एवं जिला मिशन समन्वयक नकुल पनागर ने भी शासकीय प्राथमिक शाला कोबिया पहुंचकर सर्वे का निरीक्षण किया और पारदर्शिता के साथ कार्य करने के निर्देश दिए। डाइट प्राचार्य जेके घृतलहरे ने बताया कि फाउंडेशनल लर्निंग स्टडी का उद्देश्य विद्यार्थियों में तीसरी कक्षा तक विकसित हुई बुनियादी साक्षरता एवं संख्यात्मक कौशल का आकलन करना है। यह अध्ययन निपुण भारत मिशन एवं राष्ट्रीय शिक्षा नीति-2020 के लक्ष्यों के अनुरूप शिक्षा की गुणवत्ता सुधारने के लिए किया जा रहा है। उन्होंने बताया कि सभी आठ विद्यालयों का सर्वे सफलतापूर्वक पूरा कर लिया गया है तथा फील्ड इन्वेस्टिगेटरों ने डाटा सिंक कर सामग्री डाइट में जमा कर दी।

### मोहर्रम पर सरकारी दफ्तर बंद, सरदा व बेरला की शराब दुकानें रहीं खुली



**बेरला।** मोहर्रम के अवसर पर जहां प्रदेशभर में शासकीय एवं अधिकांश अशासकीय कार्यालय अवकाश के कारण बंद रहे, वहीं बेमेतरा जिले के बेरला विकासखंड स्थित सरदा और बेरला की कंपोजिट देशी-अंग्रेजी शराब दुकानें दिनभर संचालित होती रहीं। दूसरी ओर ग्राम रेवे का उप स्वास्थ्य केंद्र (आयुष्मान आरोग्य मंदिर) भी बंद मिला, जिससे ग्रामीणों में नाराजगी देखी गई। स्थानीय लोगों के अनुसार घोषित अवकाश के चलते तहसील, एसडीएम कार्यालय, कृषि विभाग, शिक्षा विभाग, महिला एवं बाल विकास, नगर पालिका, जनपद पंचायत, बैंक, स्कूल-कॉलेज सहित अन्य शासकीय कार्यालय बंद थे। ग्रामीणों का कहना है कि ऐसे में स्वास्थ्य सुविधा उपलब्ध कराने वाला उप ▶▶| शेष पेज 11 पर



**मोहर्रम पर कोंगियाकला में दिखी गंगा-जमुनी तहज़ीब की मिसाल**

# हिंदू-मुस्लिम समाज ने मिलकर निकाला ताज़िया जुलूस, उमड़ी ग्रामीणों की भीड़

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बेमेतरा/साजा

विकासखंड के सीमावर्ती ग्राम कोंगियाकला एवं छिराहीडीह में मोहर्रम का पर्व सांप्रदायिक सौहार्द और सामाजिक समरसता के साथ मनाया गया। हिंदू और मुस्लिम समाज के लोगों ने मिलकर ताज़िया जुलूस में भाग लिया और गंगा-जमुनी तहज़ीब की खूबसूरत मिसाल पेश की। इस अवसर पर ग्राम के पूर्व मालगुजार एवं छुईखदान ब्लॉक के पूर्व सरपंच संघ अध्यक्ष रणजीत सिंह चंदेल तथा गंडई मंडी समिति के पूर्व अध्यक्ष संजू सिंह चंदेल विशेष अतिथि के रूप में शामिल हुए। अतिथियों ने ग्रामीणों के साथ पर्व में सह भागिता करते हुए क्षेत्र की सुख-समृद्धि, शांति और आपसी भाईचारे की कामना की। मुस्लिम समाज एवं ग्रामीणों ने अतिथियों का आत्मीय स्वागत किया। आयोजन के दौरान मुस्लिम समाज द्वारा तैयार किए गए आकर्षक एवं नक्काशी दार ताज़िये को उठाने और जुलूस निकालने में हिंदू और मुस्लिम युवाओं ने कंधे से कंधा मिलाकर भागीदारी निभाई। इसके साथ आयोजित पारंपरिक मेले में बड़ी संख्या में ग्रामीण, महिलाएं और बच्चे पहुंचे तथा चाट, पकौड़े, मिठाइयों और खिलौनों का आनंद लिया।

### पारंपरिक मेले में उमड़ी भारी भीड़, दिखा अनुशासित सहयोग

ग्रामीणों ने कहा कि कोंगियाकला और छिराहीडीह की साझा सांस्कृतिक परंपरा वर्षों से सामाजिक एकता और भाईचारे का संदेश देती आ रही है। आयोजन में पूरे गांव के लोगों का अनुशासित और सामूहिक सहयोग देखने को मिला। अंत में उपस्थित जनप्रतिनिधियों एवं ग्रामीणों ने इस परंपरा के निरंतर बने रहने और आने वाली पीढ़ियों तक सामाजिक सौहार्द का संदेश पहुंचाने की कामना की।

**कार्रवाई : खम्हरिया थाने में पांच घंटे चली कार्रवाई से पुलिस महकमे में हड़कंप**

# 15 हजार रिश्वत लेते हवलदार गिरफ्तार और धाराएं न लगाने के एवज में घूसखोरी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बेमेतरा

एंटी करप्शन ब्यूरो ने शुक्रवार को जिले में कार्रवाई करते हुए थान खम्हरिया थाने में पदस्थ प्रधान आरक्षक अजय लहरे को 15 हजार रुपये की रिश्वत लेते रंगे हाथ गिरफ्तार कर लिया। प्रधान आरक्षक ने मारपीट के एक प्रकरण में अतिरिक्त धाराएं नहीं जोड़ने तथा मामले को रफा-दफा कराने के नाम पर शिकायतकर्ता से 20 हजार रुपए की रिश्वत मांगी थी।

मामला 15 हजार रुपए में तय हुआ। एसीबी दुर्ग की टीम ने उप पुलिस अधीक्षक मनीष तंबोली के नेतृत्व में थाना परिसर में ही जाल बिछाकर आरोपी को रिश्वत लेते हुए दबोच लिया। एसीबी की 11 सदस्यीय टीम ने करीब पांच घंटे तक थाना परिसर में जांच और आवश्यक कार्रवाई की। शाम लगभग पांच बजे आरोपी प्रधान आरक्षक को अपने साथ दुर्ग ले जाया गया। जानकारी के अनुसार, ग्राम खैरझिटीकला निवासी दुर्गेश ▶▶| शेष पेज 11 पर

### लगातार दबाव बनाने से परेशान होकर एंटी करप्शन ब्यूरो पहुंचा युवक

#### शिकायतकर्ता बोला- स्वाभिमान से समझौता नहीं किया

शिकायतकर्ता दुर्गेश पटेल ने बताया कि पुलिस द्वारा उसके साथ अभद्र व्यवहार किया गया और अतिरिक्त धाराएं लगाने का दबाव बनाते हुए रिश्वत मांगी जा रही थी। इससे आहत होकर उसने एसीबी से संपर्क किया और पूरी योजना के तहत आरोपी को रंगे हाथ पकड़वाने में सहयोग किया।





#### वैधानिक कार्रवाई

प्रधान आरक्षक अजय लहरे को 15 हजार रुपये की रिश्वत लेते रंगे हाथ गिरफ्तार किया गया है। आरोपी के विरुद्ध भ्रष्टाचार निवारण अधिनियम के तहत आगे की वैधानिक कार्रवाई की जा रही है।

- **मनीष तंबोली,** उप पुलिस अधीक्षक एंटी करप्शन ब्यूरो, दुर्ग

#### एक माह में जिले की तीसरी बड़ी कार्रवाई



आरोपी प्रधान आरक्षक

उल्लेखनीय है कि पिछले एक माह के भीतर जिले में भ्रष्टाचार के खिलाफ यह तीसरी बड़ी कार्रवाई है। इससे पहले साजा क्षेत्र में एक पटवारी को भी रिश्वत लेते हुए एसीबी ने रंगे हाथ गिरफ्तार किया था। लगातार हो रही ऐसी कार्रवाइयों से सरकारी विभागों में हड़कंप का माहौल है।

#### रिश्वत नहीं देने का लिया फैसला, पहुंचा एसीबी के पास

शिकायतकर्ता दुर्गेश पटेल ने रिश्वत देने के बजाय एसीबी से संपर्क किया। शिकायत के सत्यापन के बाद एसीबी टीम पिछले चार दिनों से आरोपी की गतिविधियों पर नजर रखे हुए थी। शुक्रवार सुबह योजना के तहत शिकायतकर्ता को रासायनिक पाउडर लगे 500-500 रुपए के कुल 15 हजार दिए। जैसे ही प्रधान आरक्षक ने रिश्वत की रकम स्वीकार की, पहले से घात लगाए बैठी एसीबी टीम ने उसे रंगे हाथ गिरफ्तार कर लिया। कार्रवाई के दौरान आरोपी के कब्जे से रिश्वत की पूरी राशि बरामद की गई। एसीबी ने मौके पर आवश्यक परीक्षण और दस्तावेजी कार्रवाई पूरी की।

# अवैध मुरुम खनन, जेसीबी, चैन माउंटेन मशीन और दो हाइवा जब्त



हरिभूमि न्यूज ▶▶| बेमेतरा

जिले में अवैध मुरुम उत्खनन के खिलाफ जिला प्रशासन ने सख्त रुख अपनाते हुए दो अलग-अलग स्थानों पर बड़ी कार्रवाई की है। कलेक्टर सुश्री प्रतिष्ठा ममगाई के निर्देश पर खनिज विभाग की टास्क फोर्स ने ग्राम सिलघट (तहसील बेरला) और ग्राम भटगांव (तहसील देवकर) में दबिश देकर अवैध खनन में प्रयुक्त एक जेसीबी, एक चैन माउंटेन मशीन तथा दो हाईवा वाहनों को जब्त किया है।

खनिज विभाग के अनुसार 25 जून को दूरभाष पर मिली शिकायत के आधार पर ग्राम सिलघट में कार्रवाई की गई। मौके पर मुरुम का अवैध उत्खनन होते पाए जाने पर एक चैन माउंटेन मशीन लावारिस अवस्था में मिली, जिसे जब्त कर नियमानुसार ग्राम सरपंच के सुपुर्द कर दिया गया। वहीं 26 जून को ग्राम भटगांव में अवैध मुरुम खनन की सूचना पर टीम ने त्वरित कार्रवाई करते हुए एक जेसीबी मशीन और दो हाईवा वाहनों को जब्त किया। जब्त वाहनों को अग्रिम वैधानिक कार्रवाई के लिए थाना परपोडी के सुपुर्द किया गया है। खनिज विभाग ने बताया कि दोनों मामलों में खान और खनिज (विकास एवं विनियमन) अधिनियम, 1957 के प्रावधानों के तहत वैधानिक कार्रवाई की जाएगी। अवैध उत्खनन में संलिप्त व्यक्तियों एवं वाहनों के स्वामियों की पहचान कर उनके विरुद्ध भी नियमानुसार सख्त कार्रवाई की जाएगी। जिला प्रशासन ने स्पष्ट किया है कि जिले में अवैध खनन, परिवहन एवं खनिजों के अवैध भंडारण को किसी भी स्थिति में बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। कलेक्टर ने अधिकारियों को नियमित ▶▶| शेष पेज 11 पर

# जिपं अध्यक्ष ने ग्रामीणों की समस्याएं सुनी, निराकरण के दिए निर्देश



हरिभूमि न्यूज ▶▶| बेमेतरा

जिला पंचायत अध्यक्ष कल्पना योगेश तिवारी ने शुक्रवार को जिला पंचायत कार्यालय में जिले के विभिन्न गांवों से पहुंचे ग्रामीणों एवं आमजनों से आत्मीय मुलाकात कर उनकी समस्याएं सुनीं।

उन्होंने संबंधित विभागों के अधिकारियों से दूरभाष एवं कार्यालयीन माध्यम से संपर्क कर मामलों के शीघ्र और प्रभावी निराकरण के निर्देश दिए। जिला पंचायत अध्यक्ष ने कहा कि आमजन की समस्याओं का समय पर समाधान कराना जनप्रतिनिधि होने के नाते उनकी प्राथमिक जिम्मेदारी है। उन्होंने अधिकारियों को निर्देशित किया कि नागरिकों के कार्यों में अनावश्यक विलंब न हो तथा प्रत्येक आवेदन का निर्धारित समय-सीमा में गुणवत्तापूर्ण निराकरण सुनिश्चित किया जाए। उन्होंने कहा कि शासन की जनकल्याणकारी योजनाओं का लाभ समाज के अंतिम व्यक्ति तक पहुंचाना जिला पंचायत की सर्वोच्च प्राथमिकता है। कोई भी पात्र हितग्राही योजनाओं से वंचित न रहे, इसके लिए लगातार प्रयास किए जा रहे हैं। उन्होंने यह भी कहा कि जिला पंचायत कार्यालय आमजन के लिए सदैव खुला है और ग्रामीण अपनी समस्याएं एवं सुझाव लेकर कभी भी कार्यालय आ सकते हैं।

कल्पना योगेश तिवारी ने कहा कि प्रशासन और जनप्रतिनिधियों के बेहतर समन्वय से ही लोगों को त्वरित राहत और बेहतर सुविधाएं उपलब्ध कराई जा सकती हैं। उन्होंने ग्रामीणों से शासन की योजनाओं की जानकारी लेकर पात्रता अनुसार उनका लाभ उठाने तथा विकास एवं जनहित के कार्यों में सहयोग करने की अपील भी की। इस दौरान उपस्थित ग्रामीणों ने जिला पंचायत अध्यक्ष के सहज एवं संवेदनशील व्यवहार ▶▶| शेष पेज 11 पर

# अब जिले में ही होगी नीट और जेईई की संपूर्ण तैयारी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बेमेतरा

शिक्षा अकादमी द्वारा समाधान महाविद्यालय में आयोजित निःशुल्क आईआईटी-जेईई एवं नीट करियर मार्गदर्शन सेमिनार में जिले के विभिन्न क्षेत्रों से आए लगभग 125 विद्यार्थियों एवं अभिभावकों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया।

■ करियर मार्गदर्शन सेमिनार में विद्यार्थियों को मिला सफलता का मंत्र

कार्यक्रम में विद्यार्थियों को प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी, स्मरण शक्ति विकास, अध्ययन तकनीक, अनुशासन एवं करियर निर्माण से संबंधित महत्वपूर्ण जानकारियां प्रदान की गईं। कार्यक्रम का शुभारंभ समाधान महाविद्यालय के डायरेक्टर, शिक्षा अकादमी के संस्थापक एवं प्रख्यात मेमोरी गुरु डॉ. अवधेश पटेल के उद्बोधन से हुआ। उन्होंने शिक्षा अकादमी की कार्यप्रणाली एवं उद्देश्यों का परिचय देते हुए विद्यार्थियों के लिए विशेष मेगा मेमोरी क्लास का संचालन किया। इस दौरान उन्होंने स्मरण शक्ति बढ़ाने, कम समय में अधिक विषयवस्तु याद रखने तथा अध्ययन को सरल एवं प्रभावी बनाने की विभिन्न तकनीकों का प्रदर्शन किया। विद्यार्थियों ने उनकी मेमोरी तकनीकों को अत्यंत उपयोगी एवं रोचक बताया। इसके पश्चात शिक्षा अकादमी के डायरेक्टर रूपेश वर्मा ने गुरुकुल पद्धति आधारित शिक्षा प्रणाली, गुरु-शिष्य परंपरा, आत्म-अनुशासन एवं निरंतर अभ्यास के महत्व पर प्रकाश डाला। उन्होंने विद्यार्थियों को बताया कि सफलता केवल प्रतिभा से नहीं, बल्कि सही मार्गदर्शन, सकारात्मक वातावरण एवं नियमित परिश्रम से प्राप्त होती है। उन्होंने अध्ययन के प्रति समर्पण और लक्ष्य के प्रति प्रतिबद्धता का संदेश देते हुए विद्यार्थियों को उच्च शिक्षा एवं प्रतियोगी परीक्षाओं के लिए प्रेरित किया। वहीं शिक्षा अकादमी के डायरेक्टर एवं भारतीय सेना में लेफ्टिनेंट राहुल वर्मा ने आईआईटी-जेईई एवं नीट जैसी प्रतिष्ठित प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी के दौरान आने वाले संघर्षों, चुनौतियों एवं मानसिक दबावों पर विस्तार से प्रकाश डाला। उन्होंने अपने मार्गदर्शन में सफल होकर देश के विभिन्न प्रतिष्ठित संस्थानों में चयनित ▶▶| शेष पेज 11 पर



### 28 जून को पुनः मिलेगा निःशुल्क मार्गदर्शन का अवसर

शिक्षा अकादमी द्वारा रविवार, 28 जून 2026 को समाधान महाविद्यालय, बेमेतरा में आई आई टी, जेईई एवं नीट की तैयारी के लिए निःशुल्क करियर मार्गदर्शन कार्यक्रम आयोजित किया जा रहा है। विद्यार्थियों की सुविधा के लिए कार्यक्रम दो सत्रों में आयोजित होगा प्रथम सत्र : सुबह 10:00 बजे से दोपहर 1:00 बजे तक द्वितीय सत्र : दोपहर 2:00 बजे से शाम 5:00 बजे तक। शिक्षा अकादमी का उद्देश्य बेमेतरा एवं आसपास के विद्यार्थियों को गुणवत्तापूर्ण, अनुभवी मार्गदर्शन और प्रतियोगी परीक्षाओं की उत्कृष्ट तैयारी स्थानीय स्तर पर उपलब्ध कराना है, ताकि उन्हें उच्च शिक्षा एवं करियर निर्माण के लिए बड़े शहरों पर निर्भर न रहना पड़े।

**बाबू, ऑपरेटर और चपरासी तक नहीं, तकनीकी सहायकों से काम ले रहे**

# एसडीओ के भरोसे साजा का आरईएस दफ्तर, बाबू से लेकर उपयंत्री के पद खाली

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बेमेतरा

जिले के ग्रामीण यांत्रिकी सेवा (आरईएस) विभाग का साजा उपसंभागीय कार्यालय इन दिनों स्टाफ की भारी कमी से जूझ रहा है। स्थिति ऐसी है कि पूरे कार्यालय का कामकाज अकेले अनुविभागीय अधिकारी (एसडीओ) गणेश मंडारे के भरोसे संचालित हो रहा है। कार्यालय खोलने-बंद करने से लेकर फील्ड निरीक्षण, बैठकों में भाग लेने और कार्यालयीन कार्य तक उन्हें स्वयं ही संभालना पड़ रहा है।

बताया जा रहा है कि कार्यालय में नियमित बाबू, कंप्यूटर ऑपरेटर, चपरासी, वाहन चालक और एक भी उपयंत्री (सब-इंजीनियर) पदस्थ नहीं है। विभाग ने केवल एक दैनिक वेतनभोगी कर्मचारी की व्यवस्था की है, जिसे भी पिछले तीन महीनों से वेतन नहीं मिला है। वहीं कार्यालय का अपना भवन भी नहीं होने से सीमित संसाधनों के बीच शासकीय कार्य प्रभावित हो रहे हैं। जानकारी के अनुसार, पहले कार्यालय में पर्याप्त स्टाफ था, लेकिन तबादलों और पदोन्नति के बाद कई पद रिक्त हो गए। अस्थायी कर्मचारियों ने वेतन नहीं मिलने के कारण काम छोड़ दिया, जिसके बाद से स्टाफ की कमी लगातार बनी हुई है। दूसरी ओर विकासखंड में स्वीकृत एवं निर्माणाधीन सैकड़ों विकास कार्यों के कारण कार्यालय पर कार्यभार लगातार बढ़ता जा रहा है।



### तकनीकी सहायकों से कार्य लेने पर उठे सवाल

उपयंत्रियों की अनुपलब्धता के कारण जनपद पंचायत में पदस्थ तकनीकी सहायकों से विभागीय कार्य कराए जाने की बात भी सामने आई है। जबकि हाल ही में पंचायत एवं ग्रामीण विकास विभाग ने स्पष्ट निर्देश जारी किए हैं कि तकनीकी सहायकों की जिम्मेदारी केवल मनरेगा कार्यों तक सीमित रहेगी। ऐसे में अन्य विभागीय कार्य लिए जाने को लेकर नियमों के उल्लंघन के आरोप लग रहे हैं।

### रिक्त पदों पर नियुक्ति नहीं, अधिकारियों पर उदासीनता के आरोप

सूत्रों के अनुसार, साजा उपसंभाग कार्यालय में लगभग पांच उपयंत्री सहित करीब एक दर्जन पद स्वीकृत हैं, जो लंबे समय से रिक्त हैं। जिले के अन्य आरईएस उपसंभागों में पर्याप्त स्टाफ उपलब्ध होने के बावजूद साजा कार्यालय में कर्मचारियों की पदस्थापना नहीं की गई है। इससे अधिकारियों की कार्यशैली और विभागीय उदासीनता पर सवाल उठ रहे हैं। बताया गया कि हाल ही में विभाग की अधीक्षण यंत्री भूमिजा गबेल ने कार्यालय का निरीक्षण किया था, लेकिन स्टाफ की समस्या का समाधान नहीं हो सका। वहीं मुख्य अभियंता राम सागर ने कर्मचारियों की कमी के संबंध में जिम्मेदारी जिला स्तर के अधिकारियों की बताई।




## खबर संक्षेप



### तिलईरवार में साइकिल वितरण

**तुमड़ीबोड़।** उच्चतर माध्यमिक विद्यालय तिलईरवार में कक्षा नवमी की बालिकाओं को साइकिल वितरण किया गया। सभी बालिकाओं का अतिथियों ने गुलाल लगाकर स्वागत किया। इस मौके पर शाला समिति के अध्यक्ष मोरध्वज चंद्रवंशी, निर्मला शांडिल्य, सुमित्रा पाल, चंद्रिका, थंगेश्वर साहू, प्राचार्य विजय कुमारन अय्यर, असीम यदु, अनुराधा ढोक, रेखा मुरकुटे, सरोज भुआर्य, जानकी वल्लभ तंबोली, राजेश नेताम, जितेंद्र कश्यप, पालक वर्मा, नोहर लिल्हारे, हरिश्चंद्र यादव, रिचा चंद्राकर, हेमीन ठाकुर, दानेश्वर साहू आदि मौजूद थे।

### नहीं सुधर रही हास्पिटल की व्यवस्था

**डोंगरगढ़।** सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र को लेकर शिकायतों का दौर थमने का नाम नहीं ले रहा है। विकास खंड चिकित्सा अधिकारी पर भाजपा जनप्रतिनिधियों की अनदेखी करने और अस्पताल में कांग्रेसीकरण करने का आरोप लग रहा है। अस्पताल परिसर में कांग्रेस के होने वाले कार्यक्रम में चिकित्सा अधिकारी प्रमुखता से उपस्थित दर्ज कराती है जबकि भाजपा के कार्यक्रमों में अनुपस्थिति रहती है। जीवन दीप समिति के गठन के एक साल बाद भी बैठक नहीं हो सकी है। हाल ही में सरस्वती शिशु मंदिर के कार्यक्रम में शामिल होने पहुंचे प्रभारी मंत्री गजेन्द्र यादव के आदेश को भी नजर अंदाज कर दिया गया है। स्वास्थ्य केन्द्र में पार्किंग स्थल तो है किंतु मौके पर न तो छायादार पेड़ हैं और न टीन सेड बनाया गया है। मरीजो के परिजनों के खाना बनाने के लिए हास्पिटल में व्यवस्था नहीं है। अस्पताल भवन में बिजली गुल होने की स्थिति में इमरजेंसी व्यवस्था नहीं है।

### समाज को शिक्षित बनाने का आह्वान

**डोंगरगढ़।** ग्राम पंचायत सहसपुर जारवाही में रानी दुर्गावती बलिदान दिवस के मौके पर संगोष्ठी का आयोजन किया गया, जिसमें विधायक हर्षिता स्वामी बघेल शामिल हुईं। इस अवसर पर विधायक ने कहा कि किसी भी समाज की सबसे बड़ी शक्ति उसकी एकता, संस्कृति और परंपरा होती हैं। उन्होंने गोंड़ समाज के गौरवशाली इतिहास का उल्लेख करते हुए कहा कि इस समाज ने देश की संस्कृति, सभ्यता और सामाजिक समरसता को मजबूत करने में महत्वपूर्ण योगदान दिया है। गोंड़ समाज अपनी परंपराओं, प्रकृति प्रेम, परिश्रम और सामाजिक मूल्यों के लिए सदियों से पहचान रखता है। रानी दुर्गावती के जीवन पर प्रकाश डालते हुए विधायक ने कहा कि वह भारतीय इतिहास की महान वीरांगनाओं में से एक थीं, जिन्होंने मातृभूमि, स्वाभिमान और स्वतंत्रता की रक्षा के लिए अपना बलिदान दिया।

### रानी दुर्गावती को अर्पित किया श्रद्धासुमन

**छुरिया।** रानी दुर्गावती के बलिदान दिवस के अवसर पर परिक्षेत्र तेदूनाला में श्रद्धांजलि कार्यक्रम का आयोजन किया गया जिसमें जिला पंचायत अध्यक्ष किरण रविन्द्र वैष्णव शामिल हुईं। उन्होंने रानी दुर्गावती के चित्र पर पुष्पांजलि अर्पित करते हुए श्रद्धांजलि दी। कार्यक्रम की अध्यक्षता झाड़राम ठाकुर ने की। विशिष्ट अतिथि के रूप में रविन्द्र वैष्णव, उत्तरा निषाद, मोतीराम ठाकुर, अन्नू पडौती, सरिता कंवर, ललित नेताम, सीमा कंवर, लादूराम तुमरेकी, नरेश नेताम, मंथीर चेतक, उभयराम कुंजाम, सरस्वती नेताम, ईश्वर विश्वकर्मा, संतोष साहू, खेमचंद साहू उपस्थित थे। उक्त मौके पर श्रीमती वैष्णव ने कहा कि रानी दुर्गावती भारतीय इतिहास की ऐसी अमर विभूति हैं, जिन्होंने अपने स्वाभिमान, संस्कृति और मातृभूमि की रक्षा के लिए अंतिम सांस तक संघर्ष किया। उन्होंने कहा कि वर्तमान पीढ़ी को महापुरुषों के जीवन से प्रेरणा लेकर समाज सेवा, राष्ट्र निर्माण और सांस्कृतिक मूल्यों के संरक्षण के लिए आगे आना चाहिए।

शिक्षा मंत्री के इस्तीफे की मांग, युवाओं के भविष्य से खिलवाड़ का लगाया आरोप

# पेपर लीक मामले पर जिले में कांग्रेस का हल्लाबोल, शिक्षा मंत्री का मांगा इस्तीफा

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बेमेतरा



नीट सहित देशभर में विभिन्न प्रतियोगी परीक्षाओं में सामने आए कथित पेपर लीक और परीक्षा अनियमितताओं को लेकर जिला कांग्रेस कमेटी एवं युवा कांग्रेस ने केंद्र सरकार के खिलाफ मोर्चा खोल दिया है।

शुक्रवार को बेरला रोड स्थित राजीव भवन में आयोजित पत्रकार वार्ता में युवा कांग्रेस जिला अध्यक्ष प्रांजल तिवारी ने केंद्र सरकार पर युवाओं के भविष्य के साथ खिलवाड़ करने का आरोप लगाते हुए केंद्रीय शिक्षा मंत्री के इस्तीफे की मांग की। पत्रकारों को संबोधित करते हुए प्रांजल तिवारी ने कहा कि लगातार हो रहे पेपर लीक के मामलों ने देश के लाखों छात्रों और उनके अभिभावकों का परीक्षा व्यवस्था से भरोसा डगमगा दिया है। वर्षों की कठिन मेहनत और तैयारी के बावजूद अभ्यर्थियों का भविष्य असुरक्षित हो गया है, लेकिन केंद्र सरकार इस गंभीर समस्या पर प्रभावी कार्रवाई करने में विफल साबित हुई है। उन्होंने आरोप लगाया कि परीक्षा प्रणाली में पारदर्शिता, जवाबदेही और सुरक्षा तंत्र की कमी के कारण बार-बार ऐसी घटनाएं सामने आ रही हैं, जिससे युवाओं में निराशा, असंतोष और आक्रोश बढ़ रहा है। उनका कहना था कि यदि समय रहते कठोर एवं ठोस कदम नहीं उठाए गए तो देश की भर्ती एवं प्रवेश परीक्षा प्रणाली की विश्वसनीयता पर गंभीर प्रश्नचिह्न खड़े हो जाएंगे।

### दोषियों पर कड़ी कार्रवाई हो

युवा कांग्रेस ने मांग की कि नीट सहित सभी प्रतियोगी परीक्षाओं में हुए कथित पेपर लीक मामलों की निष्पक्ष एवं समयबद्ध जांच कर दोषियों के खिलाफ कठोर कानूनी कार्रवाई की जाए। साथ ही भविष्य में ऐसी घटनाओं की पुनरावृत्ति रोकने के लिए आधुनिक तकनीक आधारित, पारदर्शी एवं सशक्त परीक्षा व्यवस्था लागू की जाए, ताकि छात्रों का विश्वास बहाल हो सके। पत्रकार वार्ता के अंत में ब्लॉक कांग्रेस कमेटी अध्यक्ष मिथिलेश वर्मा ने उपस्थित पत्रकारों का आभार व्यक्त किया। इस अवसर पर सेवादल अध्यक्ष दिनेश पटेल, पार्षद रीता पांडे सहित कांग्रेस के विभिन्न प्रकोष्ठों के पदाधिकारी एवं कार्यकर्ता मौजूद रहे।

# विधायक दीपेश साहू का हरिद्वार-ऋषिकेश प्रवास

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बेमेतरा



गायत्री जयंती एवं गंगा दशहरा के अवसर पर बेमेतरा विधायक दीपेश साहू ने अपनी धर्मपत्नी तरुणा साहू के साथ हरिद्वार एवं ऋषिकेश का धार्मिक प्रवास किया। इस दौरान उन्होंने शांतिकुंज, हरकी पौड़ी, गायत्री माता मंदिर, मंशा देवी मंदिर सहित विभिन्न आध्यात्मिक स्थलों में दर्शन-पूजन कर क्षेत्रवासियों की सुख-समृद्धि एवं शांति की कामना की। विधायक ने हरकी पौड़ी में गंगा स्नान कर विधि-विधान से मां गंगा की पूजा-अर्चना की।

शांतिकुंज में मां गायत्री एवं गुरुदेव के समाधि स्थल पर श्रद्धांजलि अर्पित करते हुए प्रदेश और क्षेत्र की खुशहाली की प्रार्थना की। उन्होंने देव संस्कृति विश्वविद्यालय के उपकुलपति डॉ. चिन्मय पंड्या से भेंट कर सामाजिक एवं आध्यात्मिक विषयों पर मार्गदर्शन भी प्राप्त किया। प्रवास के दौरान विधायक ने ऋषिकेश के जानकी झूला तथा मां मंशा देवी मंदिर में भी दर्शन किए। उन्होंने कहा कि हरिद्वार और ऋषिकेश भारतीय संस्कृति एवं आध्यात्मिक चेतना के प्रमुख केंद्र हैं तथा मां गंगा करोड़ों लोगों की आस्था का आधार हैं। उन्होंने समाज में सेवा, सद्भाव और संस्कारों को मजबूत करने का आह्वान किया। विधायक ने कहा कि गायत्री परिवार शिक्षा, संस्कार और जनजागरण के क्षेत्र में प्रेरणादायी कार्य कर रहा है। उन्होंने मां गायत्री एवं मां गंगा से क्षेत्रवासियों के सुख-समृद्धि की कामना करते हुए जनता की सेवा और क्षेत्र के विकास के लिए निरंतर कार्य करने का संकल्प दोहराया। इस अवसर पर गायत्री परिवार बेमेतरा के जिला समन्वयक डॉ. खोमराम साहू सहित अन्य श्रद्धालु उपस्थित रहे।

# आपातकाल के लोकतंत्र सेनानियों का भाजपा ने किया सम्मान



हरिभूमि न्यूज ▶▶| बेमेतरा

आपातकाल की बरसी पर भारतीय जनता पार्टी ने जिला कार्यालय में आयोजित कार्यक्रम में आपातकाल के दौरान मीसा (मेंटेनेंस ऑफ इंटरनल सिक्योरिटी एक्ट) के तहत जेल में निरुद्ध रहे लोकतंत्र सेनानियों के परिवारों का शॉल, श्रीफल एवं स्मृति चिन्ह भेंट कर सम्मान किया गया। कार्यक्रम में लोकतंत्र की रक्षा के लिए संघर्ष करने वाले मीसा बंदियों के त्याग और बलिदान को श्रद्धापूर्वक नमन किया गया।

सम्मानित परिवारों में स्वर्गीय गोपाल दास मोटवानी के पुत्र रामा मोटवानी, डॉ. वीरेंद्र दानी के पुत्र आशीष दानी तथा मुंशी राम ठाकुर के पुत्र अजय ठाकुर शामिल रहे। इस अवसर पर भाजपा जिला अध्यक्ष ने कहा कि 25 जून 1975 भारतीय लोकतंत्र के इतिहास का सबसे काला अध्याय था, जब तत्कालीन कांग्रेस सरकार ने देश में आपातकाल लागू कर संविधान की मूल भावना, अभिव्यक्ति की स्वतंत्रता और नागरिक अधिकारों का दमन किया। उन्होंने कहा कि हजारों लोकतंत्र सेनानियों एवं विपक्षी नेताओं को मीसा जैसे कानून के तहत जेलों में बंद कर दिया गया था। उन्होंने कहा कि सम्मानित परिवार लोकतंत्र की रक्षा के लिए किए गए संघर्ष और बलिदान के प्रतीक हैं। लोकतंत्र सेनानियों का त्याग आने वाली पीढ़ियों के लिए प्रेरणास्त्रोत रहेगा तथा भारतीय जनता पार्टी उनके योगदान के प्रति सदैव कृतज्ञ रहेगी। कार्यक्रम में नगर पालिका अध्यक्ष विजय सिन्हा, जिला महामंत्री राजेश ठाकुर, जिला उपाध्यक्ष प्रणीश रजक, केशव साहू, ललिता साहू, रीना साहू, रोहित माहेश्वरी, संदीप यादव, विनय साहू, नंदू राठी, नंदू गुप्ता, धर्मेंद्र साहू, हैतुल्य सिंह, राजीव तंबोली, ममता साहू, नीमा गुप्ता, गौरव यदु सहित बड़ी संख्या में भाजपा पदाधिकारी एवं कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

# रक्तवीर पोषण निर्मलकर ने रायपुर पहुंचकर किया 28वां रक्तदान

**बेमेतरा/बेरला।** बेरला विकासखंड के ग्राम तेलगा निवासी रक्तवीर पोषण निर्मलकर ने एक बार फिर मानवता की मिसाल पेश की है। रायपुर के निजी संजीवनी अस्पताल में भर्ती एक कैंसर मरीज को आधी रात रक्त की तत्काल आवश्यकता पड़ने पर उन्होंने बिना देर किए अस्पताल पहुंचकर अपना 28वां रक्तदान किया और मरीज के उपचार में महत्वपूर्ण सहयोग दिया। जानकारी के अनुसार, मरीज की गंभीर स्थिति को देखते हुए देर रात रक्त की व्यवस्था नहीं हो पा रही थी। ऐसे में पोषण निर्मलकर को सूचना दी गई। उन्होंने एक फोन कॉल मिलते ही तुरंत अस्पताल पहुंचकर रक्तदान किया, जिससे मरीज का उपचार समय पर शुरू हो सका। पोषण निर्मलकर इससे पहले भी 27 बार स्वैच्छिक रक्तदान कर जरूरतमंद मरीजों की मदद कर चुके हैं। उनका यह 28वां रक्तदान क्षेत्र में सेवा और समर्पण का प्रतीक बन गया है। सामाजिक सरोकारों के प्रति उनकी सक्रियता की लोगों ने सराहना की है। उनके इस कार्य की पूरे क्षेत्र में प्रशंसा हो रही है। सोशल मीडिया सहित विभिन्न माध्यमों से लोग उन्हें बधाई दे रहे हैं। युवाओं के लिए भी उनका सेवाभाव प्रेरणा का स्त्रोत बन रहा है। रक्तदान के माध्यम से जरूरतमंदों की जान बचाने की उनकी यह मुहिम समाज में मानवता और परोपकार का सकारात्मक संदेश दे रही है।




# नेवनारा में 25 जुलाई से आवासीय कार्यशाला, शुल्क और नियम तय

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बेमेतरा



माँ भद्रकाली जिला मानस संघ की बैठक जिला अध्यक्ष देवलाल सिन्हा की अध्यक्षता में सम्पन्न हुई। बैठक में संगठन विस्तार, आगामी कार्यक्रमों तथा संघ की गतिविधियों को लेकर विस्तृत चर्चा करते हुए कई महत्वपूर्ण निर्णय लिए गए। बैठक में सर्वसम्मति से निर्णय लिया गया कि 25, 26 एवं 27 जुलाई को बेरला विकासखंड के माँ चंडी आश्रम, नेवनारा में तीन दिवसीय विशाल मानस व्याख्यान एवं संगीत आवासीय कार्यशाला आयोजित की जाएगी।

आयोजन की तैयारियों के लिए कार्य समिति का गठन करते हुए सालिक राम साहू को समिति का अध्यक्ष बनाया गया। संघ ने बताया कि कार्यशाला में शामिल होने के इच्छुक प्रतिभागियों के लिए पंजीयन अनिवार्य रहेगा। प्रवेश शुल्क 401 रुपये निर्धारित किया गया है तथा पंजीयन की अंतिम तिथि 23 जुलाई तय की गई है। पूर्णतः आवासीय इस प्रशिक्षण शिविर में अनुभवी विद्वानों द्वारा मानस व्याख्यान, संगीत, मंच संचालन एवं प्रस्तुति सहित विभिन्न विषयों का प्रशिक्षण दिया जाएगा। प्रतिभागियों के लिए संघ के नियमों एवं अनुशासन का पालन अनिवार्य रहेगा। बैठक में संगठन विस्तार के तहत सौंड, सुरहोली, मोहरेंगा, रेवे एवं बोरसी में मानस शक्ति केंद्रों का गठन किया गया। साथ ही इनके सुचारु संचालन एवं संगठन को मजबूत बनाने के उद्देश्य से विभिन्न पदाधिकारियों का मनोनयन भी किया गया। जिला अध्यक्ष देवलाल सिंहा ने संघ की गतिविधियों की जानकारी देते हुए आगामी कार्यशाला की रूपरेखा प्रस्तुत की और सभी पदाधिकारियों एवं सदस्यों से आयोजन को सफल बनाने का आह्वान किया। बैठक में माखन साहू, चेतन साहू, मनोज वर्मा, डॉ. रामावतार साहू, पं. अजय शर्मा, कन्हैया यादव, शारदा निषाद, राजकुमार ताम्रकार, बिहारी यदु, उत्तम साहू, रमेश पाटिल, रामकुमार शर्मा, जीवन साहू, डॉ. ईश्वर सिन्हा, छगन साहू, रामायण यादव, मनोज चक्रधारी, मोहनलाल ठाकुर, विष्णु साहू, महेश साहू, रामगोपाल धीवर, राजकुमार निषाद, गजेन्द्र वर्मा, मोतीलाल साहू, श्रवण साहू, तिलकराम पाटिल, विष्णु प्रसाद साहू, ओमप्रकाश साहू, मदन सिंहा सहित बड़ी संख्या में संघ के पदाधिकारी एवं सदस्य उपस्थित रहे।

# व्यापारी महासंघ नवागढ़ की नई कार्यकारिणी गठित



**नवागढ़।** व्यापारी महासंघ नवागढ़ की बैठक नगर पंचायत परिषद परिसर में अध्यक्ष सत्यम ताम्रकार की अध्यक्षता में संपन्न हुई। बैठक में संगठन विस्तार के साथ नगरहित के विभिन्न मुद्दों पर चर्चा करते हुए नई कार्यकारिणी का सर्वसम्मति से गठन किया गया। नई कार्यकारिणी में संरक्षक जगजीत सिंह गांधी, विद्यानंद जायसवाल एवं दिलीप साहू, अध्यक्ष सत्यम ताम्रकार, उपाध्यक्ष चिंटू खुराना, निलेश जायसवाल व अर्जुन साहू, महासचिव गुल्लू खान व जीतू देवांगन, सचिव रॉकी खुराना, सहसचिव शानू गांधी, सौरभ ताम्रकार व सुभाष श्रीवास्तव, कोषाध्यक्ष अश्वनी सिन्हा, उपकोषाध्यक्ष दानीराम जायसवाल व अश्वनी बंजारे, सलाहकार समिति में शैंकी खुराना, रमेश यादव, नवदीप सिंह गुंबर, रवि यादव, रूपेश सिन्हा, धरमदीप सिंह गुंबर, राजा गुप्ता व हर्ष खुराना, प्रचार एवं मीडिया प्रमुख अजय अरोरा, राकेश तिवारी व हेमंत सिन्हा होंगे। युवा प्रकोष्ठ में शुभ अरोरा, शुभम दीवान, राज सेन व मुखी सोनकर तथा कार्यकारिणी सदस्य छबील साहू, नूतन सिन्हा, परमेश्वर साहू, अनुज साहू, विनोद साहू, हर्ष अरोरा, बब्बू गुप्ता एवं विकास यादव को जिम्मेदारी सौंपी गई। बैठक में नगर की सफाई, बस स्टैंड व्यवस्था, सार्वजनिक शौचालय, यातायात सुधार, ध्वनि प्रदूषण नियंत्रण एवं पर्यावरण संरक्षण जैसे मुद्दों पर चर्चा कर व्यापारियों के हितों और नगर विकास के लिए सक्रिय भूमिका निभाने का संकल्प लिया गया।

# नवागढ़ में अकीदत और एहतराम के साथ मनाया गया मोहर्रम

हरिभूमि न्यूज ▶▶| नवागढ़

हजरत इमाम हुसैन (अ.स.) और उनके 72 वफादार साथियों की अज़ीम शहादत की याद में शुक्रवार को नवागढ़ में मोहर्रम का पर्व पूरे अकीदत, एहतराम और धार्मिक श्रद्धा के साथ मनाया गया। सुबह से ही मस्जिद में इबादत का माहौल रहा। मुस्लिम समाज के लोगों ने फज्र की नमाज़ के बाद कुरानख्वानी की और दिनभर इमाम हुसैन (अ.स.) की कुर्बानी को याद करते हुए इबादत की। दोपहर में नमाज़-ए-जौहर के बाद आशूरा की विशेष दुआ पढ़ी गई, जिसमें अमन-चैन, भाईचारे और खुशहाली की दुआ मांगी गई।

- आशूरा पर नमाज़-ए-जौहर के बाद पढ़ी गई विशेष दुआ
- इमाम हुसैन और 72 साथियों की शहादत को किया याद

घर-घर में इमाम-ए-आली मुकाम हजरत इमाम हुसैन (अ.स.) की याद में नियाज़ दिलाई गई। पूरे दिन श्रद्धालुओं ने करबला के शहीदों को खिराज-ए-अकीदत पेश करते हुए उनके बताए हुए सत्य, इंसाफ, सब्र और इंसानियत के रास्ते पर चलने का संकल्प लिया।



मुस्लिम समाज के इमाम हाफिज सलमान रज़ा ने कहा कि सच्चाई और हक पर अडिग रहने का नाम हुसैन है। हजरत इमाम हुसैन (अ.स.) ने दीन-ए-इस्लाम की हिफाजत के लिए अपने पूरे परिवार सहित कुर्बानी देकर दुनिया के सामने ऐसा आदर्श प्रस्तुत किया, जो हमेशा मानवता का मार्गदर्शन करता रहेगा। उन्होंने कहा कि करबला हमें यह संदेश देती है कि अन्याय और अत्याचार के सामने कभी सिर नहीं झुकाना चाहिए। यदि हम सच्चे हुसैनी हैं तो हमें अपने किरदार, इबादत और व्यवहार से समाज में इंसाफ, भाईचारा और इंसानियत को मजबूत करना होगा। मस्जिदों को अपने सजदों से आबाद करें, क्योंकि यही दुनिया और आखिरत दोनों की कामयाबी का रास्ता है। मुस्लिम समाज के वरिष्ठ हनिफ खान ने कहा कि मोहर्रम का पैगाम पूरी इंसानियत के लिए है। यह हमें त्याग, सब्र और इंसाफ की राह पर चलने की प्रेरणा देता है। मुतवल्ली सज्जाक हीरू कुरैशी ने कहा कि हजरत इमाम हुसैन (अ.स.) की शहादत हर दौर के इंसान को सच्चाई के लिए डटकर खड़े रहने की ताकत देती है। समाज में प्रेम, सौहार्द और एकता बनाए रखना ही उनकी शिक्षाओं का सम्मान है। नायब सदर इस्माइल खान ने कहा कि आज के समय में करबला का संदेश पहले से कहीं अधिक प्रासंगिक है। हमें जाति, धर्म और वर्ग से ऊपर उठकर मानवता की सेवा और आपसी भाईचारे को मजबूत करना चाहिए।

जिब्राइल खान ने कहा कि मोहर्रम केवल मातम का नहीं, बल्कि आत्ममंथन और इंसानियत को अपनाने का अवसर है। हमें अपने जीवन में सत्य, ईमानदारी और न्याय को सर्वोच्च स्थान देना चाहिए।

### ये रहे उपस्थित

कार्यक्रम में हाजी उस्मान खान, मुतवल्ली सज्जाक हीरू कुरैशी, हनीफ खान, नायब सदर इस्माइल खान, जियाउल खान, जलील खान, जिब्राइल खान, महबूब खान, लतीफ खान, नवाब खान, रसीद खान, रऊफ खान, वसीम राजा खान, बशीर खान, यूनुस खान, नजीर बेग, अब्दुल रहमान खान, फिरोज खान, कादर खान, डागा खान, जुबेर खान, जुनैद खान, मोहसिन खान, शेखावत अली, शरीफ बेग, हनीफ बेग, रफीक कुरैशी सहित मुस्लिम समाज के बड़ी संख्या में लोग उपस्थित रहे।

रामनारायण बने नगर अध्यक्ष, सिद्धांत को युवा मंच की कमान, नई टीम से संगठन में नई ऊर्जा का संचार

# हर घर तक पहुंचेगा ब्राह्मण समाज का संगठन, नवागढ़ नगर कार्यकारिणी घोषित

हरिभूमि न्यूज ▶▶| नवागढ़



सर्व ब्राह्मण समाज नवागढ़ विधानसभा ने संगठन को घर-घर और वार्ड-वार्ड तक मजबूत करने की दिशा में बड़ा कदम उठाते हुए नगर पंचायत नवागढ़ की नई कार्यकारिणी की घोषणा कर दी है। अनुभवी समाजसेवियों और ऊर्जावान युवाओं को जिम्मेदारी सौंपे जाने के बाद नगर सहित आसपास के क्षेत्रों में विप्र समाज के बीच उत्साह का माहौल है।

नई कार्यकारिणी में रामनारायण पाठक को नगर अध्यक्ष बनाया गया है। युवा शक्ति को संगठन की मुख्यधारा से जोड़ने के उद्देश्य से सिद्धांत तिवारी को युवा मंच अध्यक्ष तथा धार्मिक परंपराओं को सशक्त करने के लिए सुंदरम पाठक को पुरोहित मंच अध्यक्ष की जिम्मेदारी सौंपी गई है। उपाध्यक्ष के रूप में देवेंद्र शर्मा, सनत चौबे, प्रणय धर दीवान एवं ऋषिकांत शर्मा को दायित्व दिया गया है। संगठन संचालन की जिम्मेदारी संभालने के लिए पं. संजय शर्मा, अनुपमधर दीवान, कृष्ण कुमार मिश्रा एवं पूर्णानंद तिवारी को महासचिव बनाया गया है। पं. रविन्द्र शर्मा को कोषाध्यक्ष नियुक्त किया गया है। सचिव पद पर कमलेश धर दीवान, रूपेश धर दीवान, कान्हा तिवारी, शरद पाण्डेय, जितेंद्र उपाध्याय एवं निखिल पाण्डेय को जिम्मेदारी दी गई है, जबकि प्रतीक मिश्रा, बीरबल मिश्रा एवं संतोष दुबे को प्रचार सचिव बनाकर संगठन की गतिविधियों को जन-जन तक पहुंचाने की जिम्मेदारी सौंपी गई है। नई कार्यकारिणी की घोषणा के बाद नगर के विप्र समाज में उत्साह का वातावरण है।

समाजजनों ने उम्मीद जताई है कि अनुभवी नेतृत्व और युवा ऊर्जा के समन्वय से सर्व ब्राह्मण समाज नवागढ़ संगठनात्मक रूप से और अधिक मजबूत होगा तथा सामाजिक, धार्मिक और सांस्कृतिक गतिविधियों को नई पहचान मिलेगी।

### सभी वर्गों को साथ लेकर चलेंगेः पाठक

नवनियुक्त नगर अध्यक्ष रामनारायण पाठक ने कहा कि यह जिम्मेदारी उनके लिए सम्मान के साथ-साथ समाज सेवा का अवसर भी है। उन्होंने कहा कि नगर के प्रत्येक विप्र परिवार तक संगठन की पहुंच सुनिश्चित की जाएगी। समाज के प्रत्येक वर्ग को साथ लेकर चलने के लिए योजनाबद्ध तरीके से कार्य किया जाएगा।



### टीम भावना के साथ करें कार्यः प्रदेश सचिव

प्रदेश सचिव विकासधर दीवान ने कहा कि किसी भी समाज की सबसे बड़ी शक्ति उसका मजबूत संगठन होता है। नगर कार्यकारिणी के गठन से संगठन को नई दिशा और नई गति मिलेगी। अब समाज सेवा, संस्कार निर्माण और जनहित के कार्य वार्ड स्तर तक प्रभावी रूप से संचालित किए जाएंगे। उन्होंने सभी पदाधिकारियों से समर्पण, अनुशासन और टीम भावना के साथ कार्य करने का आह्वान किया। विधानसभा अध्यक्ष नरेंद्र शर्मा ने कहा कि संगठन का उद्देश्य केवल पद देना नहीं, बल्कि समाज को एक सूत्र में जोड़ना और नई पीढ़ी में नेतृत्व क्षमता विकसित करना है। जिला उपाध्यक्ष राकेश तिवारी ने कहा कि नगर कार्यकारिणी समाज की अपेक्षाओं पर पूरी तरह खरा उतरने का प्रयास करेगी। तहसील अध्यक्ष प्रवीण दत्त दुबे ने विश्वास जताया कि नई टीम समाज के प्रत्येक परिवार को संगठन से जोड़ने, सामाजिक समरसता को मजबूत करने तथा सेवा, संस्कार और संगठन के मूल उद्देश्यों को नई ऊंचाइयों तक पहुंचाने में सफल होगी।